राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## पर्यटन, जेम्स एंड ज्वैलरी, कृषि आदि क्षेत्रों में राजस्थान के लिए हैं अपार संभावनाएं

# राज्यपाल श्री मिश्र से की पांच देशों में पदस्थापित भारत के राजदूतों ने मुलाकात

जयपुर, 17 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में मोरक्को में भारत के राजदूत श्री राजेश वैष्णव, बुल्गारिया में भारत के राजदूत श्री संजय राना, नामीबिया में राजूदत श्री प्रशांत अग्रवाल, आर्मेनिया में राजदूत श्री कृष्ण दान देवल तथा साउथ सूडान में पदस्थापित भारत के राजदूत श्री विष्णु कुमार शर्मा ने मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत देश में प्रारम्भ'एक जिला एक उत्पाद योजना', प्रत्येक जिले में जल संरक्षण के अंतर्गत 75 तालाब बनाने की केन्द्र सरकार की 'अमृत सरोवर योजना' और राजस्थान में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात वृद्धि और यहां निवेश की संभावनाओं के अंतर्गत राजस्थान में हो रहे कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने भारत के इन राजदूतों से विदेशों में राजस्थान के लिए संभावनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कैसे राजस्थान के उत्पादों का अधिकाधिक निर्यात हो सकता है और यहां के पर्यटन, जेम्स एवं ज्वैलरी उद्योगों मे निवेश के लिए वहां के लोग कैसे प्रेरित हो सकते हैं, इस पर कार्य करने की जरूरत है। इस पर विदेशों में तैनात इन राजदूतों ने राज्यपाल श्री मिश्र को बताया कि राजस्थान के मोटे अनाज, यहां की पर्यटन सम्पदा, जेम्स एवं ज्वैलरी के प्रति विदेशों में अपार संभावनाएं है। राजस्थान के लोगों को चाहिए कि वे इन क्षेत्रों से जुड़ी संभावनाओं पर कार्य करें।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय राजदूतों को चाहिए कि वे राजस्थान से जुड़े लोकप्रिय उत्पादों, पर्यटन संस्कृति और मोटे अनाज के निर्यात के संबंध में अपनेकृअपने देशों में वातावरण तैयार करें। उन्होंने कहा कि सुदूर देशों में राजस्थान और यहां के उत्पाद लोकप्रिय हैं परन्तु जरूरत यह भी है कि यहां तेजी से हुए विकास से भी वहां के लोगों तक जानकारी पहुंचे ताकि वहां रहने वाले राजस्थान में निवेश के लिए प्रोत्साहित हों।

————